# भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई, लक्ष्मी मार्केट सब्जी बाजार जहां अतिक्रमण के चलते 4 फीट की सड़कों पर चलना दूभर था, नाली सफाई के लिए समस्या थी, नालियों से अतिक्रमण हटाकर हुई सफाई, फिर निकली भिलाई निगम की जेसीबी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाओ अभियान ने जोर पकड़ लिया है। प्रतिदिन भिलाई निगम क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अवैध अतिक्रमण , अवैध कब्जे, अवैध प्लाटिंग पर लगाम लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के नेतृत्व में जोन की टीम कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आज सुपेला के लक्ष्मी मार्केट में बड़ी कार्यवाही की गई , दो जेसीबी और दो डंपर की मदद से लक्ष्मी मार्केट से नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि नालियों में अतिक्रमण की वजह से इसी अतिक्रमण स्थल पर सब्जी आदि विक्रय का काम किया जाता था, इसके चलते सड़क की चौड़ाई लोगों को आने जाने के लिए कम मिलती थी, जिससे विक्रेताओं को आने, जाने में काफी परेशानियां होती थी, वही बाजार में भीड़ भी अधिक हो जाती थी। केवल 4 फीट जगह ही आने जाने के लिए मिलता था। इसलिए नालियों से अतिक्रमण को हटाकर नाली की सफाई आज कराई गई। जेसीबी ने लक्ष्मी मार्केट से सभी नालियों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान उप अभियंता श्वेता वर्मा , सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर एवं स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं स्वच्छता विभाग के कमलेश द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे। सुपेला संडे मार्केट के बाद लक्ष्मी मार्केट जहां पर सब्जी , मांस, मटन विक्रय एवं मसाला आदि का विक्रय किया जाता है यहां लंबे अरसे से नाली से अतिक्रमण कर लिया गया था , हालांकि निगम ने तीन दफा इस बाजार पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की है। लेकिन कुछ समय से फिर से अतिक्रमण के कारण स्वच्छता कर्मचारियों को नाली की सफाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था वही बारिश के दिनों में नाली से प्रवाह अवरुद्ध हो रहा था , बाजार में खरीदी के लिए आने वाले लोगों को खरीदारी के लिए जगह नहीं मिल पाती थी , हादसों से भी इनकार नहीं किया जा सकता था इन सभी कारणों से आज लक्ष्मी मार्केट के पूरे इलाके में नालियों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।